तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार,8 अक्टूबर 2025



वाजपेयी राज्य के निर्माता, उनके सम्मान में सभी निकायों में अटल परिसर का हो रहा निर्माण : साव

4



## लोगों को सहज ही आकर्षित कर रहा दमऊधारा क्षेत्र का विहंगम दृश्य...



*सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में सक्ती-कोरबा मार्ग पर, सक्ती से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित दमउदहरा (दमऊधारा) न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम स्थल है, बल्कि यह धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहाँ तक सड़क मार्ग से निजी वाहन या टैक्सी द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है। निकटतम रेलवे स्टेशन सक्ति, जबकि निकटतम हवाई अड्डा रायपुर है। दमउदहरा का प्रमुख आकर्षण इसका सुंदर जलप्रपात है, जो ऊँची पहाड़ियों से झरझर गिरते हुए नीचे बहता है। बरसात के मौसम में यह झरना अपने पूरे सौंदर्य पर होता है। चारों ओर फैली हरियाली, झरने की गूंजती ध्वनि और शीतल वातावरण पर्यटकों को मोह लेता है। आसपास के घने जंगल, प्राकृतिक गुफाएँ और ऊँची पहाड़ियां इस स्थल को रोमांच और फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान बना देती हैं। धार्मिक दृष्टि से दमउदहरा अत्यंत पूजनीय है। यहाँ राम-जानकी मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, ऋषभदेव जैन तीर्थंकर का मंदिर, हनुमान मंदिर, भगवान शिव-पार्वती मंदिर और विष्णु-लक्ष्मी मंदिर जैसे कई पवित्र स्थल स्थित हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम अपने वनवास काल में दमउदहरा (गूंजी क्षेत्र) पधारे थे।*



## खबर संक्षेप

### सक्ती के नए पुलिस अधीक्षक होंगे प्रफुल्ल ठाकुर



**सक्ती।** सक्ती जिले के नए पुलिस अधीक्षक आईपीएस प्रफुल्ल ठाकुर को बनाया गया है। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी प्रफुल्ल ठाकुर को सक्ती जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है, श्री प्रफुल्ल ठाकुर वर्तमान जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा का स्थान लेंगे, तथा प्रफुल्ल ठाकुर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आज, उप मुख्यमंत्री अरुण होंगे मुख्य अतिथि



**सक्ती।** जिला साहू संघ द्वारा बुधवार 8 अक्टूबर को प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा है। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू करेंगे. कार्यक्रम के आयोजक जिला साहू संघ सक्ती के जिला अध्यक्ष डॉ खिलावन साहू लगातार बैठक लेकर कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने लोगों से अपील की है। कार्यक्रम को लेकर जिला कोषाध्यक्ष डॉ पुरन साहू, प्रकाश साहू,योगेश साहू, नेत्रा साहू, गोविन्दा साहू, राम अवतार साहू, नरेश साहू, चेतन साहू, राजेन्द्र साहू, गिरजा शंकर, भूपेंद्र, डॉ धनंजय,अरुण, महेश, संत राम, कमल ,नर्मदा, ललिता, नीरा,जमना , सेवती, बद्रिका साहू, परमेश्वर आदि तैयारी में लगे है।

### राहौद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव संबंधी बैठक आज

**राहौद।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा नियुक्ति पर्वेक्षक का दौरा कार्यक्रम जिलाध्यक्ष चुनाव संबंधित वरिष्ठ नेताओ पदाधिकारीओ, कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा के संबंध मे ब्लाक स्तरीय बैठक आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी विवेक बंसल एआईसीसी प्रर्वेक्षक सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़, जनक राम ध्रुव विधायक बिंद्रावन विधानसभा, इंग्रीड मैक्लूड राज्य सभा सांसद,पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश उपस्थिति रहेंगे। कांग्रेस जनों को ब्लाक अध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद देवांगन ने अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित प्रदान करने अपील की है। बैठक 8 अक्टूबर को नगर के देवांगन धर्मशाला में आयोजित होगी।

### 9 जुआरियों के कब्जे से 13 हजार की बनाई जब्ती

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ पुलिस ने दबिश देकर 9 जुआरियों के कब्जे से 13 हजार जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम कोसीर में छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान मुकेश केशी उम्र 34 वर्ष निवासी कोसीर, नंदकुमार दिनकर उम्र 36 वर्ष निवासी कोसीर, प्रेम कुमार लहरे उम्र 31 वर्ष निवासी कोसीर, रोशन प्रसाद जांगडे उम्र 38 वर्ष निवासी कोसीर, मनोज कुमार बंजारे उम्र 38 वर्ष निवासी डोंगाकोहरौद, प्रकाश बांधी उम्र 52 वर्ष निवासी जेवरा थाना मुलमुला, अजय कुमार लहरे उम्र 32 वर्ष निवासी ढाबाडीह (कोसीर), अमित कुमार दिनकर उम्र 25 वर्ष निवासी बोहारडीह थाना पचपेडी एवं राजेश दिनकर उम्र 42 वर्ष निवासी कोसीर को पकड़ा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ, स.उ.नि. रामदुलार साहू, आर. राघवेन्द्र, श्याम सरोज ओग्रे, महेन्द्र राज, चंद्रशेखर कैवर्त, यशवंत पाटले, उमेश दिवाकर, लखेश्वर पाटले विश्वजीत आदिले एवं सैनिक अनिल दिनकर का योगदान रहा।

### धान खरीदी शुरू होने में बमुश्किल महीने भर का समय बाकी

# एग्रीस्टेक पंजीयन : जिले में अभी भी 5 हजार किसान शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मुल्य पर धान बेचने के लिए जिले के 1 लाख 19 हजार किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी है। जिसके तहत अब तक 1 लाख 14 हजार किसानो का ही पंजीयन हो सका है। वही अभी 5 हजार किसानो का पंजीयन बाकि है। समय रहते एग्रीस्टेक पंजीयन नही कराया तो किसान समर्थन मुल्य पर धान बेचने से वंचित रह सकते है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के कृषि मंत्रालय के द्वारा इस साल समर्थन मूल्य पर धान बिक्री करने वाले किसानो के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन को जरूरी किया गया है। वही बिना एग्रीस्टेक पंजीयन के कृषक धान भी नही बेच सकते है। जानकारी के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक पामगढ, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा एवं नवागढ को मिलाकर करीब 1 लाख 19 हजार किसानो का एग्रीस्टेक पंजीयन किए जाने का टारगेट रखा गया है। जिसके तहत अभी 1 लाख 14 हजार कृषको का पंजीयन सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से किया जा चुका है। वही अभी 5 हजार किसानो का पंजीयन किया जाना बाकी है। जांजगीर चाम्पा जिले के किसान बडे पैमाने पर धान की खेती करते है। वही धान में अब बालिया आने भी शुरू हो गई है। यहां के ज्यादातर किसान अपने खेतो में धान की कटाई नवम्बर महीने के दौरान ही प्रारंभ करते है। जिले के 121 सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से धान की खरीदी की जाती है। एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर किसानो का आधार कार्ड, बीवन ,खसरा नंबर, रकबा नंबर, कृषक पुस्तिका, मोबाइल नंबर, बैंक खाता सहीत अन्य तरह का दस्तावेज जरूरी है।

**खास बातें**

- 121 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी की चल रही तैयारी
- 1 लाख 14 हजार हो चुका है पंजीयन




**रकबे का भी मिलान कराना जरूरी**

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के पहले किसानो को संबंधित सोसायटी मे जाकर अपने रकबे का मिलान कराना जरूरी होगा। पटवारी गिरदावरी और डिडिटल क्रांप सर्वे के बाद भी रकबे का भौतिक सत्यापन खादय विभाग के पीवी एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन के बाद ही प्रविष्ठयो में परिवर्तन किया जा सकेगा। रकबे का मिलान कार्य शुक्रवार 31 अक्टुबर तक चलेगा। इसके अलावा एग्रीस्टेक डिजिटल क्रांप सर्वे ,भुईया,साप्टवेयर में किए गए धान की फसल प्रविष्टियो में 5 प्रतिशत फसल का रैडम सत्यापन के लिए एक मोबाइल एप तैयार किया जा रहा है। जिसके माध्यम से तीन स्तर पर फसल की जांच कर रैडम सत्यापन किया जाएगा। वही धान बेचने के पहले रकबे का मिलान करना भी अब अनिवार्य कर दिया गया है। सत्यापन के दौरान गलत प्रविष्ट पाए जाने पर उसे भौतिक सत्यापन के लिए 31 अक्टुबर के पहले कहा गया है। प्रथम स्तर पर सत्यापित प्रविष्ट में 5 प्रतिशत एप के द्वारा चिन्हांकित किया जाएगा। जिला स्तर पर सत्यापित प्रविष्टी में 2 प्रतिशत की जांच राज्य स्तर के अधिकारियो की टीम के द्वारा किया जाएगा। इधर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सेवा सहकारी समितियो के द्वारा प्रारंभिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ हो गई है।

**चल रहा पंजीयन कार्य**

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानो के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन कराना जरूरी है। अभी करीब 5 हजार किसानो का पंजीयन नही हो सका है। पंजीयन कार्य जल्द पूरा करने प्रभारी प्रबंधको को आदेशित किया गया है।

-अमित साहू,
नोडल अफसर, जिला सहकारी बैंक

# देवरी पिकनिक स्पॉट पर बही युवती का चौथे दिन मिला शव

### शनिवार को बहे थे हसदेव नदी में, दूसरे और तीसरे दिन मिली थी दो युवकों की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट में हसदेव नदी के तेज बहाव में बही युवती की लाश चौथे दिन पीथमपुर के आगे मिली। घटना शनिवार को हुई थी। इसके बाद दूसरे और तीसरे दिन सर्चिंग टीम ने एक-एक करके दोनों युवकों की लाश निकाली थी।

गौरतलब है कि शनिवार 4 अक्टूबर को बिलासपुर से दो युवक और दो युवतियों के साथ अकलतरा के अर्जुनी निवासी एक युवक पंतोरा चौकी अंतर्गत देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर घुमने आए थे। इस दौरान शाम करीब 5 बजे नदी में नहाते वक्त तेज बहाव में पांचों बह गए। बताया जाता है कि नदी के बहाव में बहते हुए अर्जुनी निवासी लक्ष्मीशंकर किसी तरह अपने आप को संभाल लिया और वह मोनिका सिन्हा को भी बाहर निकालने में सफल रहा, जबकि बिलासपुर निवासी स्वर्णरेखा ठाकुर, अंकुर कुशवाहा और आशीष भोई नदी के तेज बहाव में बह गए। ऐसे में लक्ष्मीशंकर और मोनिका बस्ती की ओर गए और लोगों को इसकी जानकारी दी फिर पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पंतोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रात में ही खोजबीन शुरू की गई।



नदी में सर्चिंग करने एसडीआरएफ की टीम।

दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मोटरबोट तथा ड्रोन कैमरे की मदद से खोजबीन शुरू की गई। दूसरे दिन रविवार को दोपहर के करीब 2 बजे घटना स्थल से 15 किमी दूर कुदरी में एक युवक की लाश मिली। जिसकी पहचान अंकुर कुशवाहा के रूप में की गई। तीसरे दिन सर्चिंग टीम सुबह से डटी रही और दोपहर बाद दूसरे युवक आशीष भोई की लाश मिली। इसके बाद स्वर्णरेखा की तलाश चौथे दिन भी जारी रही। मोटरबोट और ड्रोन कैमरे के साथ सर्चिंग टीम पीथमपुर के आगे पहुंची, जहां एक युवती का शव मिला। उसकी पहचान स्वर्णरेखा के रूप में हुई है। पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। तत्पश्चात पंचनामा की कार्रवाई की गई। एएसपी उमेश कश्यप ने पिकनिक या नहाने के दौरान नदियों में उतरते समय सावधानी बरतने की बात कही है।



युवती की मिली लाश।

# शराब के नशे में धुत मिला शिक्षक, ग्रामीणों ने की शिकायत

**बिर्रा।** समीपस्थ ग्राम बसंतपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में एक शिक्षक शराब के नशे में धुत्त मिला। बताया जाता है कि पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण यहां पहुंचे थे। इस दौरान शिक्षक के शराब पीकर स्कूल पहुंचने की जानकारी मिली। इसकी शिकायत भी की गई है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 7 अक्टूबर को ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और ग्रामीण शासकीय प्राथमिक शाला बसंतपुर पहुंचे। इस दौरान स्कूल टाईम में वहां मौजूद शिक्षक राजेश कुमार शराब के नशे में धुत्त मिला। पूछताछ के दौरान उसने यह बात भी स्वीकारी। इस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रधान पाठक से शिकायत की।

# बनारी के तालाब में दिखा मगरमच्छ, पिंजरे में मुर्गा रखकर पकड़ने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बनारी के अमुर्री तालाब में एक बड़ा मगरमच्छ नजर आया। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ड्रोन कैमरे से बनाया गया वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। सूचना पर प्रशासन के साथ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रशिक्षित टीम को बुलाकर पिंजरे में मुर्गा रखकर मगरमच्छ को पकड़ने की कवायद शुरू की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 7 अक्टूबर को बनारी गांव के अर्मुरी तालाब में एक मगरमच्छ तैरते दिखा। आसपास के लोगों के माध्यम से बात पूरे गांव में फैल गई। इतने में गांव के ही कुछ युवाओं ने ड्रोन कैमरे से वीडियो भी बनाया। इधर इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान कोटमीसोनार क्रोकोडायल पार्क से प्रशिक्षित लोगों की टीम बुलाई गई और तालाब के किनारे पिंजरे में मुर्गा रखकर मगरमच्छ को पकड़ने की कवायद शुरू की गई।

- बनारी के अमुर्री तालाब में दिखा 7 फीट का मगरमच्छ



पिंजरा में मुर्गा रखकर पकड़ने की तैयारी में जुटी टीम।

**टीम अलर्ट**

बनारी के तालाब में मगरमच्छ दिखने की सूचना पर तत्काल पहुंचे है। कोटमीसोनार से प्रशिक्षितों की टीम बुलाई गई है। पिंजरे में मुर्गा रखकर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में मुनादी करा दी गई है। टीम अलर्ट है।

-होरेशचंद्र शर्मा
एसडीओ, फारेस्ट

### 5 जोन के 4 सौ से अधिक खिलाड़ी दिखा रहे अपना जौहर

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दूसरे दिन दुर्ग और रायपुर जोन के खिलाड़ियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन रायपुर और दुर्ग जोन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। वहीं 100 से अधिक मुकाबले हुए है। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में 5 जोन के 4 सौ से अधिक खिलाड़ी अपना जौहर दिखा रहे है।

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार 7 अक्टूबर को विभिन्न जोनों के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 5 संभागों से लगभग 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हाई स्कूल मैदान जांजगीर में 6 से 9 अक्टूबर तक यह राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें बालक व बालिका वर्ग के 14, 17 और 19 वर्षीय आयु वर्गों के मुकाबले खेले जा रहे हैं। दूसरे दिन के खेलों में दुर्ग और रायपुर जोन के पहलवानों का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा। बालक वर्ग 17 वर्षीय के 30 मुकाबलों में दुर्ग जोन ने 9 और रायपुर जोन ने 8 मुकाबलों में जीत दर्ज की। वहीं बालिका वर्ग 17 वर्ष में रायपुर जोन ने 8 तथा दुर्ग जोन ने 7 मुकाबले अपने नाम किए।बालिका 19 वर्षीय वर्ग में रायपुर जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 मुकाबलों में जीत हासिल कर अपनी श्रेष्ठता बनाए रखी। मेजबान बिलासपुर जोन ने भी उम्दा खेल दिखाते हुए विभिन्न वर्गों मुकाबलों में जीत दर्ज की। सरगुजा और बस्तर जोन का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, हालांकि बालिका 19 वर्षीय वर्ग में बस्तर जोन ने 7 मुकाबले जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।खेल मैदान में खिलाड़ियों के उत्साह, प्रशिक्षकों की मार्गदर्शन और दर्शकों की तालियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता 9 अक्टूबर तक चलेगी। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 5 जोन के खिलाड़ी पहुंचे है।



कुश्ती प्रतियोगिता में जौहर दिखाते खिलाड़ी।

# ओव्हरब्रिज पर वाहन खड़ा करना पड़ा महंगा, चालक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा के ओवर ब्रिज में वाहन खड़ी करने से जाम लगाने वाले वाहन के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज में वहां खड़ा किए जाने से आए दिन शास्त्री चौक में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है एवं नगर वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर में यातायात को सुगम बनाने के लिए वाहन चालकों को रेलवे ओवर ब्रिज में वहां खड़ा नहीं करने की लगातार समझाइश दी जा रही थी। लगातार समझाइए जाने के बाद भी कुछ लोग ओवर ब्रिज में गाड़ी खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे थे, ऐसे लोगों के विरुद्ध पहले चालान की कार्रवाई की गई लेकिन चालान की कार्रवाई के बाद भी कई लोग ओवर ब्रिज पर वहां खड़ा कर रहे थे जिसके चलते 7 अक्टूबर के शाम को अकलतरा शास्त्री चौक ओवर ब्रिज में वाहन क्रमांक सीजी 11 बीआर 5233 के विरुद्ध अपराध धारा 285 बीएनएस का अपराध पाए जाने से वाहन चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 509/25 कायम कर वाहन को जप्त किया गया।



## खबर संक्षेप

### अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने नवपदस्थ डीईओ का किया स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा का मंगलवार 7 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर में अशासकीय विद्यालय संचालक संघ, जांजगीर के पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल व बुके से स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा से सौजन्य भेट के वक्त छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के सचिव एवं जांजगीर चांपा जिले के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने निशुल्क पुस्तक के वितरण एवं यू डाइस संबंधी समस्या के बारे में चर्चा की। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि शासन द्वारा संचालित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम में अधिक से अधिक विद्यार्थी सहभागिता निभाएं। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि एक पेड़ माँ के नाम में सभी स्टूडेंट का रजिस्ट्रेशन करना है। सौजन्य भेंट के समय अशासकीय विद्यालय संचालक संघ, जांजगीर के संरक्षक रोशन केशरवानी, सचिव आलोक शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय राठौर, नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धनेश मिश्रा,पामगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय दिव्य, बलौदा ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र सोनी, अकलतरा ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश सिंह सेंगर, बम्हनीडीह ब्लाक अध्यक्ष आरएस चौबे, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं सोहराब सिंह उपस्थित थे।

### शैलेश बनें मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ के अध्यक्ष



**चांपा।** स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के नागरिकों की प्रतिनिधि पंजीकृत संस्था मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ की एक आवश्यक बैठक सोमवार 22 सितम्बर को स्टेशन रोड स्थित सुमन लॉज में सम्पन्न हुई जिसमें संघ की आगामी सत्र 2025-27 की नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। समाज के वरिष्ठ पत्रकार शैलेश शर्मा को संघ का नवीन अध्यक्ष चुना गया है। वे संघ के निवृत्तमान अध्यक्ष सुभाष शर्मा का स्थान लेंगे। मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ की सम्पन्न बैठक में प्रमुख रूप से सत्यवीर शर्मा, राजेश तिवारी, अजय शर्मा, रितेश शर्मा,सुभाष शर्मा, विवेक शर्मा, शंकर शर्मा, विनोद शर्मा, सतीश शर्मा, रमेश शर्मा, उदय शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, गोवर्धन शर्मा आदि मौजूद थे। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय कर समाज के वरिष्ठ पत्रकार शैलेश शर्मा को अध्यक्ष चुनते हुए उन्हें अपनी कार्यकारिणी चयन का अधिकार प्रदान किया। नवीन अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने संघ के सचिव पद पर उदय शर्मा (टेंट) तथा कोषाध्यक्ष पद पर रमेश शर्मा की नियुक्ति करते हुए कहा कि शेष पदाधिकारियों का चयन समाज के सभी लोगों से चर्चा कर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आगामी अन्नकूट महोत्सव को सफल बनाने के लिए तैयारियां आरंभ कर दी गई है।

### डॉक्टरेक्ट की मानद उपाधि से गोरेलाल स्वर्णकार सम्मानित



**चांपा।** स्थानीय कन्नौजिया स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ नागरिक गोरेलाल स्वर्णकार को फ्लोरिडा स्थित सामाजिक आर्थिक विकास अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक एवं मानवीय सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉक्टरेक्ट ऑफ आनर्स की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान विगत 25 सितम्बर को प्रदान किया गया। स्वर्णकार भारत एल्युमिनियम कंपनी बाल्को में 35 वर्षों तक सेवारत रहे है। वर्ष 2001 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के पश्चात वे समाजसेवा से जुड़ गए। वे नरेन्द्र मोदी विचार मंच के केन्द्रीय सचिव पद पर भी कार्यरत है और वर्तमान में मंच के प्रांतीय अध्यक्ष पद का भी दायित्व निर्वहन कर रहे है। उन्हें यह सम्मान मिलने पर समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष जयदेव सोनी सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
ब्रॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे
2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते
999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

भाजपा मंडल जांजगीर-नैला का आत्म निर्भर भारत पर कार्यशाला आयोजित

# विकसित भारत की कल्पना के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं को करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भाजपा मंडल जांजगीर-नैला द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म निर्भर भारत की महत्वाकांक्षी विषय की कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, जिला भाजपा महामंत्री नंदिनी राजवाड़े, सदस्यता अभियान में महती भूमिका निभाने वाले इंजी रवि पांडेय, नगर पालिका के उपाध्यक्ष मोहन यादव, जिला भाजपा मंत्री संतोषी दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सनत पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष हितेश यादव एवं भाजपा मंडल के देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सर्वप्रथम भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला प्रारंभ की गई। मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित गुलाब सिंह चंदेल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत की कल्पना की है, ये तभी संभव होगा जब हम आत्म निर्भर बनेंगे, हमे ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग करे और अन्य को भी स्वदेशी के उपयोग के लिए प्रेरित करे,पहले के भारत और आज के भारत में यही फर्क है, आज का भारत मजबूत इच्छाशक्ति और मजबूत इरादों वाला देश है,आज वर्तमान परिवेश में अमेरिका हम पर टैरिफ लगाने की धमकी देता तो हमारे प्रधानमंत्री उनके धमकी की परवाह किए बगैर कहते है अपने देश की 140 करोड़ की जनता का विश्वास हमारे पास है, हम आत्मनिर्भर बनकर पूरे विश्व में अपनी मिसाल कायम करेंगे। मुख्य वक्ता ने कहा कि हमारा यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती 25 सितंबर से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा,जिसमें हमे कई कार्यक्रम करना है। जिला महामंत्री नंदिनी राजवाड़े ने भी आत्मनिर्भर के विषय पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत एवं आज की कार्यशाला पर प्रकाश भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री विवेक सिंह एवं संचालन राकेश रूपवानी ने किया। आत्म निर्भर भारत अभियान के लिए मंडल की टीम का भी गठन किया गया जिसमें संयोजक रितेश राठौर, सहसंयोजक, राकेश रूपवानी, संजीता माली, प्रदीप सोनी को जिम्मेदारी दी गई। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री रामेश्वर पटेल,उमा सोनी, रितेश राठौर, दुलोरिन चौरसिया, संजीता माली,प्रतिमा डहारे, रिया यादव,शिव चमन सिंह,प्रदीप सोनी,पुष्पेंद्र निर्मलकर, पंकज कहरा,सोनू यादव, सुशील सिंह, सतीश शर्मा, गुड्डू कहरा, देव गढ़वाल, कार्तिक राम, जीवन कहरा, संतोष श्रीमोर, गोलू दुबे, प्रदीप राठौर, चुन्नी लाल राठौर, अजय कौशिक, कमल राठौर, रोहित कुलदीप, हरि सोनवानी, छत्रपाल विजय सहित बड़ी संख्या भाजपा मंडल जांजगीर नैला के देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मंचस्थ अतिथिगण।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अकलतरा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर नगर महामंत्री गोवर्धन साहू के कार्यालय मे भाजपा अकलतरा नगर मंडल की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री नंद चौधरी ने कहा कि 25 सितंबर से प्रारंभ हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा । उन्होंने कहा कि हाल ही ट्रंप द्वारा टैरिफ लगाकर भारत मे अस्थिरता फैलाने की जो कोशिश की जा रही थी, उसे नरेंद्र मोदी की ठोस आर्थिक नीति एवं आत्मनिर्भरता की ओर बढते भारत के कदमों ने नाकाम साबित कर दिया। आज रक्षा उपकरणों का भारत एक प्रमुख निर्यातक देश है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्त्ताओं को निष्ठा पूर्वक कार्य करने बधाई दी और ऐसे ही सक्रियता बनाएं रखने आग्रह किया। बैठक मे मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के पहले का भारत और बाद के भारत का फर्क महसूस किया जा सकता हैं। मोदी जी की ये सोच है कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है और आत्मनिर्भर बनना, विकसित भारत बनने का मार्ग हैं। मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान ने बताया कि पहले नगर मंडल मे 18 बूथ थे जो अब 50 हो गये है। नगर के चारो दिशाओं मे लगे ग्रामों को सम्मिलित किया गया है और सभी देवतुल्य कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गोवर्धन साहू ने और आभार प्रदर्शन महामंत्री सुमित सिंह चंदेल ने किया। इस अवसर पर भाजपा के महिला और पुरूष कार्यकर्ता बडी संख्या मे उपस्थित थे।





बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से करें शासकीय कार्रवाई, कार्यों में आएगी पारदर्शिता : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के विकास कार्यों और शासन की प्राथमिकता वाले योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जिले में तीन स्तर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संकुल स्तर पर 6 से 20 अक्टूबर तक एवं विधानसभा/ विकासखंड स्तर पर 21 से 31 अक्टूबर तक एवं जिला स्तर पर नवम्बर में आयोजित होने वाले खेल महोत्सव के आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस खेल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देना है। कलेक्टर ने सभी विकास कार्यों पर विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि इन कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल तथा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अभियान से संबंधित सूचनाओं को निर्धारित समय में ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान श्री महोबे ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अब सभी शासकीय कार्यवाही ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही की जाए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस से न केवल कार्य में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समय की भी बचत होगी और फाइलों की गति तेज होगी।

- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहरों में वार्डवार लगेंगे शिविर

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों में वार्डवार शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना से आम नागरिकों को बिजली बिल से राहत और सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि यांत्रिकीकरण योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को आवेदन हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया आगामी 9 अक्टूबर से प्रारंभ होगी, इसलिए किसानों को समय जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए नामांतरण, बटांकन, खसरा, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा निराकरण करने निर्देश दिए।

## बिजली बंद रहने से सिलादेही और बिर्रा का दशहरा महोत्सव रहा फीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिजली के बंद रहने से सिलादेही और बिर्रा का दशहरा महोत्सव फीका पड़ गया। ग्राम वासियों और दर्शकों को अंधेरे में दशहरा उत्सव नहीं दिखा। बिजली के बंद रहने से अंचल का दशहरा उत्सव फिका पड़ गया है।

गौरतलब है कि विद्युत मंडल बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही से रविवार 5 अक्टूबर को आयोजित सिलादेही का दशहरा महा महोत्सव और सोमवार 6 अक्टूबर को बिर्रा का भव्य विराट दशहरा महोत्सव बिजली गुल रहने के कारण फीका पड़ गया। बिजली बंद रहने से दर्शकों को दशहरा महोत्सव दिखाई नहीं देने के कारण अंचल के दर्शक गढ़ काफी मायूस नजर आए। इसके बावजूद भी विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं कर सके। आए दिन की बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान हैं। बीते कुछ महीनों से बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता बहुत परेशान हैं। बिर्रा सब स्टेशन के जितने भी कर्मचारी हैं काम के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे है, जिसके कारण कई त्योहारों का उत्सव आनंद मंगल सभी फीका पड़ गया है। अघोषित बिजली कटौती के कारण बिर्रा सब स्टेशन से कई गांव जुड़ा हुआ है। जिसमें सिलादेही ,बिर्रा बसंतपुर ,देवरहा , डभराखुर्द, बनडभरा, घिवरा, देवरानी, गतवा, बोरसी, तालदेवरी, चौरहादेवरी, आदि कई गांव आते हैं। अभी दशहरा उत्सव का सीजन चल रहा है, जिसमें कई गांव का दशहरा उत्सव फीका पड़ गया क्योंकि लाइट नहीं होने के कारण दशहरा उत्सव नहीं मना पाए, जिसमें सिलादेही, बिर्रा आदि गांव में भारी उत्सव के साथ दशहरा मनाने के लिए एवं रावण दहन करने के लिए मेले का आयोजन रखा गया था, जिसमें बिजली विभाग की मनमानी के कारण किसी भी गांव में दर्शकों का मनोरंजन एवं उत्साह वर्धन नहीं हो पाया। सिलादेही दशहरा में बिजली बंद के बाद 6 अक्टूबर दिन सोमवार को रात्रि में बिर्रा के दशहरा में भी लाइट बंद है। अंचल के जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी और नेताओं को विद्युत उपभोक्ताओं के समस्याओं के बारे में कोई भी प्रकार से लेना देना नहीं है। इसी के चलते दशहरा महोत्सव देखने पहुंचे दर्शकों को रात के अंधेरों में समय गुजारना पड़ा। इस संबंध में विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के जूनियर इंजीनियर गोकुल देवांगन का कहना है कि 33 केवी में खराबी आने के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित रही। फॉल्ट ढूंढने के बाद मरम्मत कर विद्युत व्यवस्था चालू किया गया।

- दशहरा महोत्सव दिखाई नहीं देने के कारण मायूस नजर आए लोग

## डीएड अभ्यर्थियों ने रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शिवरीनारायण।** सहायक शिक्षक भर्ती में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को डीएड/डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश से भेंट की। अभ्यर्थियों ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवें चरण की काउंसलिंग में 2600 पदों पर प्रक्रिया हुई थी, जिसमें दस्तावेज सत्यापन के बाद केवल 1299 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति मिल पाई। शेष 1316 पद रिक्त रह गए। इसके अलावा कुल 984 पद पहले से लंबित हैं। इस प्रकार कुल 2300 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि बार-बार मांग उठाने और विभागीय स्तर पर कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक स्पष्ट निर्णय नहीं हुआ। विभाग की लापरवाही के कारण योग्य एवं टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इसी मुद्दे पर पीड़ित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने हाल ही मे दिए अपने आर्डर मे फैसला पीड़ित बेरोजगार अभ्यर्थियों के पक्ष मे सुनाया है। उच्चन्यायलय ने 26 सितम्बर के अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दो माह के भीतर रिक्त 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायालय के आदेश एवं पद रिक्त होने के बावजूद अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। सोमवार को पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश से भेंट कर अभ्यर्थियों ने अपनी समस्या बताई। विधायक ने उनकी मांगों को न्यायोचित बताते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि अभ्यर्थी इससे पहले रायपुर में कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं और लगातार सरकार से छठवें चरण की काउंसलिंग प्रारंभ कर शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं।

# मेगा हेल्थ कैम्प में 100 से ज्यादा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के गौरव पथ स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य तथा आयुष्मान व वंदना कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्थि, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग व मौसमी बीमारियों से संबंधित 100 से भी ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं वंदना कार्ड बनाने पंजीयन भी किया गया।

केन्द्र शासन के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार पिछले दिनों गौरव पथ स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य तथा आयुष्मान व वंदना कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीकांत सोनी ने चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चले शिविर में अस्थि, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग व मौसमी बीमारियों से संबंधित 100 से भी ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड एवं वंदना कार्ड बनाने पंजीयन भी किया गया। शिविर में चिकित्सालय के संचालक डॉ.लक्ष्मीकांत सोनी के अलावा समस्त स्टॉफ का सहयोग सराहनीय रहा।




शिविर में हितग्राही को आयुष्मान कार्ड प्रदान करते चिकित्सक।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

खबर संक्षेप



## शिविर में 20 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**बिहारपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस एवं रेड रिबन संगठन के जिला संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कॉलेज के 20 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं अध्यापको ने रक्तदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा कहा कि आज के दौर में रक्तदान एक पुनीत कार्य है जो न केवल जरूरतमंद की जान बचाता है बल्कि दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। शिविर को छात्र दीपक तिवारी ने रक्तदान कर प्रारंभ किया। प्राचार्य श्री सातपुते ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान है। यह मानवता की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। धीरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि आज के युवा समाज में जागरूकता लाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। रक्तदान न केवल मानवता की भावना को जीवित रखती है। बल्कि इससे जरूरतमंदों को जीवनदान भी मिलता है। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रक्तदाताओं एवं चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित किया गया।

## रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक



**शंकरगढ़।** बचवार में स्थित दुर्गा पंडाल परिसर में आगामी माह में रुद्र महायज्ञ एकादशी कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर स्थानीय बचवार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति एवं नगर के नागरिक शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन 7 नवम्बर शीर्ष अगहन तिथि, द्वितीय दिन किया जाएगा। इसके पश्चात यज्ञ प्रारंभ 22 दिसम्बर पौष शुक्ल पक्ष, द्वितीय दिन से होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति एवं समापन समारोह 28 दिसम्बर को संपन्न किया जाएगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनुरागी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में संपन्न होगा।

### पिछले साल समितियों द्वारा खरीदी गई थी कृषकों की उपज

# ऑनलाइन गिरदावरी से शासकीय पट्टा वन अधिकार धारक किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस बार धान विक्रय के लिए राजस्व अमले द्वारा किसानों के खेत में लगाई गई फसलों का ऑनलाइन गिरदावरी किया जा रहा है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार धारक किसानों की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे किसान भयभीत हैं तथा उन्हें पंजीयन के अभाव में धान विक्रय से वंचित होने का भय सता रहा है।

**खास बात**

- गिरदावरी नहीं होने से हजारों किसान परेशान

शासन द्वारा इस बार भी धान विक्रय के पूर्व गांव-गांव में किसानों के रकबे एवं फसल की स्थिति का सर्वे किया जा रहा है। राजस्व अमला हर किसान के खेत में लगाई गई फसल का आंकलन करता है जिसके आधार पर समितियों द्वारा धान की खरीदी की जाती है। इस बार गिरदावरी को पारदर्शी बनाने के साथ ही किसानों की भूमि उपयोग की सटीक जानकारी एकत्रित करने ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। राजस्वकर्मी अपने कार्यक्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर हर किसान के रकबे एवं भूमि उपयोग की जानकारी ऑनलाइन अपलोड कर रहे हैं। ऑनलाइन गिरदावरी की शुरूआत अगस्त में की गई थी जो अभी भी जारी है। सहकारी समितियों द्वारा पूर्व की तरह इस बार भी पंजीकृत किसानों की सूची आगामी खरीदी के लिए अपलोड किया जाएगा तथा गिरदावरी के अनुसार धान की खरीदी की जाएगी। ऑनलाइन गिरदावरी से किसानों को अपनी भूमि एवं फसल उपयोग की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। किसान इस संबंध में स्वयं भी पूरी जानकारी ले सकेंगे। ऑनलाइन गिरदावरी के माध्यम से किसानों के भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण भी किया जा रहा है। अभी ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य पूरा नहीं हुआ है न ही समितियों द्वारा ही पूर्व में पंजीकृत किसानों की सूची को आगामी खरीदी के लिए अद्यतन किया गया है। ऑनलाइन गिरदावरी में शासकीय पट्टाधारक एवं वन अधिकार पत्र धारक किसानों के रकबे की गिरदावरी नहीं की जा रही है जिससे बड़ी संख्या में किसान परेशान हैं तथा कृषकों को आगामी खरीदी के लिए पंजीयन नहीं होने का भय सता रहा है।



धान की फसल।

### अब की जा रही गिरदावरी

अब शासकीय पट्टा एवं वन अधिकार पत्र धारकों के रकबे की भी ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। शासकीय पट्टा व वन अधिकार पत्र धारक स्वयं अपने मोबाइल अथवा सीएससी के माध्यम से अपने रकबे की गिरदावरी कर सकते हैं। हलका पटवारी के अनुमोदन उपरांत इसे सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जाएगा। किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी।

-पीएस दीवान
सहायक संचालक, कृषि



## जीएसटी 2.0 रिफार्म व आत्मनिर्भर भारत संकल्प को लेकर सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों, व्यापारियों, मध्यमवर्ग एवं आमजन को राहत और सहारा मिलने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भाजपा कार्यालय अटल कुंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अध्यक्षता व वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

- व्यापारी व्यवसाय के साथ समाज व राष्ट्र निर्माण में निभा रहे अहम भूमिका

विधायक श्री मरावी ने कहा कि टैक्स व्यवस्था कोई नई नहीं है, यह प्राचीन काल से समाज और राष्ट्र के संचालन का आधार रही है। राजा-महाराजाओं के समय से टैक्स लिया जाता था ताकि जनता के कल्याण और राज्य के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें। कांग्रेस के शासनकाल में टैक्स प्रणाली बेहद जटिल और असंगठित हो गई थी, जिसने व्यापारी वर्ग और आम जनता को बोझ तले दबा दिया। जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच स्लैब को घटाकर दो स्लैब कर टैक्स को बेहद सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया है।

## धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



धनवार आरटीओ बेरियर में घुसकर शासकीय कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस प्रकरण में एक नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 4 अक्टूबर को चन्दन यादव, कैलाश यादव, उपेन्द्र उर्फ गोलू समेत आधा दर्जन से अधिक अचानक ही रात को धनवार आरटीओ बेरियर में घुस आए थे। इस दौरान उन्होंने बेरियर में मौजूद उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, सिद्धार्थ पटेल, प्रधान आरक्षक कौशल साहू से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने परिवहन उप निरीक्षक भूषण ध्रुव, चालक ओमप्रकाश राजवाड़े से मारपीट कि। इसके साथ ही आवासीय परिसर में घुसकर कर्मचारियों से गाली गलौज की। इसके बाद आरोपी परिवहन निरीक्षक महेंद्र सिंह कुलदीप के रूम में घुस गए और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए निरीक्षक से मारपीट की। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाग़ निकले जिसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की। घटना की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 1 अक्टूबर को चन्दन यादव और पिकअप चालक ने तेज गति से वाहन हलाते हुए पिकअप को बेरिकेट के ऊपर चढा दिया था जिसे लेकर आरोपियों और आरटीओ बेरियर के कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था लेकिन बाद में बाद में मामले को शांत करा दिया गया।

## पुत्र ने पिता पर बेलचा से किया हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त पुत्र ने पिता पर बेलचा से सिर पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी उजियार आ. स्व. भूखल (50 वर्ष) 4 अक्टूबर को गांव में ही दशरथ के यहां करमा त्यौहार मनाने पुत्र बैगा राम व सज्जन के साथ गया था। रात में सभी खाना पीना कर नाचे गाए। सुबह बैगा राम व सज्जन घर आ गए। इसी बीच सज्जन शराब के नशे में मां से विवाद करने लगा जिसे देख भाई ने शांत रहने समझाया लेकिन वह नहीं माना तो बैगा राम पिता को बुलाने चला गया।

## कांग्रेस सह प्रभारी की मौजूदगी में भरवाए गए समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग की मौजूदगी में कांग्रेस ने बरियों चारपारा में आम सभा का आयोजन किया। इस दौरान वोट चोरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने डोर-टू-डोर अभियान भी चलाया गया जिसमें नागरिकों को मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के मामलों से अवगत कराते हुए अभियान के समर्थन में शपथ पत्र भरवाए गए।

- वोट चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान

कार्यक्रम के दौरान सह प्रभारी श्रीमती लैतफलांग ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपाती रवैया अपनाने और भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ही मकान नंबर पर सैकड़ों नाम दर्ज किए जा रहे हैं और एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग स्थानों पर शामिल किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर प्रतिक्रिया देते हुए फलांग ने कहा कि यदि किसी को मंच या सम्मान नहीं मिलता तो घर बैठने से बेहतर है संगठन का हाथ थाम कर अपनी नाराजगी दूर करें। संगठन तभी मजबूत होगा जब हर हाथ एक-दूसरे का सहारा बने। जिला कांग्रेस अध्यक्ष केपी सिंहदेव, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सिंह और आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी रामदेव राम ने किया। कार्यक्रम के तहत शंकरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में लगभग 1700 फार्म और जिलेभर से कुल 2000 फार्म भरकर प्रदेश सह प्रभारी को सौंपे गए। फलांग ने बताया कि सरगुजा, रायगढ़ और बिलासपुर संभाग में बलरामपुर पहला जिला है, जहां से यह अभियान औपचारिक रूप से शुरू हुआ है। इस दौरान राजेंद्र तिवारी, विष्णु सिंहदेव, विजय पैकरा, विवेक सिंहदेव, लालसाय मिंज, पूरनचंद्र जायसवाल, राम बिहारी यादव, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र श्रीवास्तव, हरि किशुन पैकरा, बृजेश मिश्रा, सुनील भगत, मो. नियाज, नीरज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### बहेराडीह में कलश यात्रा के साथ आज शुरु होगा भागवत कथा

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह स्थित दुर्गा चौंक में बुधवार 8 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ होगा। कथा वाचक सक्ती जिले के सिरली गांव के पंडित उत्तम मिश्रा होंगे। कलश यात्रा के पश्चात बेदी पूजन और ब्यास पूजन किया जायेगा और दूसरे दिन गुरुवार 9 अक्टूबर को कथा वाचक पंडित उत्तम मिश्रा के द्वारा कथा महात्यम, परिक्षित जन्म और सृष्टि वर्णन कथा सुनाई सुनाएंगे। तीसरा दिन शुक्रवार 10 अक्टूबर को सती चरित्र, ध्रुव कथा भरत कथा, चौथा दिवस शनिवार 11 अक्टूबर को प्रहलाद कथा, गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, पांचवा दिवस रविवार 12 अक्टूबर को सूर्यवंश वर्णन, रामावतार, कृष्ण जन्मोत्सव, छठवा दिवस सोमवार 13 अक्टूबर को कृष्ण बाल लीला, कालिया दमन, गोवर्धन पूजा, सातवां दिवस मंगलवार 14 अक्टूबर को रास वर्णन, कंस वध रुखमणि मंगल, आठवा दिवस बुधवार 15 अक्टूबर को सुदामा चरित्र, कथा विश्राम, चढ़ोत्री, नववां दिवस गुरुवार 16 अक्टूबर को तुलसी वर्षा, गीता पाठ, हवन सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 3 बजे से रात्रि तक होगी।

### राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में तीन छात्र-छात्राओं का चयन



**जैजैपुर।** राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में जी एस सी स्कूल जैजैपुर के तीन छात्र छात्राओं का चयन हुआ, जिसमें कु, नेहा बर्मन पिता घासीया राम बर्मनहर्षित साहू पिता छोटेलाल साहू ईशान चंद्रा पिता गुलाब सिंह चंद्रा शामिल हैं। राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना क्षेत्र वासियों ने की है। वही स्कूल के संचालक गुलाब सिंह चन्द्रा एवं शाला परिवार ने भी ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के द्वारा जी एस सी स्कूल का मान बढ़ाने की बात कही है। लगातार जी एस सी स्कूल के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। 2024 25 में 12वी बोर्ड परीक्षा में कु मेघा चंद्रा ने 98.5%अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ टॉप 10 में जगह बनाकर अपने एवं अपने परिवार सहित इस स्कूल का मान बढ़ाया है।

### कांशीराम की पुण्यतिथि पर विचार संगोष्ठी का आयोजन 9 को

**जांजगीर-चांपा।** बहुजन समाज पार्टी बिलासपुर ज़ोन इकाई के तत्वावधान में बसपा संस्थापक एवं बहुजन आंदोलन के महानायक कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर "जीवन दर्शन" विषय पर भव्य विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 9 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 11 बजे से शारदा मंगलम जांजगीर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर आर.के. श्रीवास ज़ोन इंचार्ज, बसपा बिलासपुर ज़ोन होंगे, जबकि अध्यक्षता लक्ष्मणलाल साहू पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष बसपा जांजगीर-चांपा करेंगे। संगोष्ठी में ज़िले के प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कांशीराम के जीवन, संघर्ष और समाज परिवर्तन के संदेशों पर चर्चा की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य बहुजन समाज में एकता, जागरूकता और संगठन को मज़बूती प्रदान करना है।

### बनडभरा में विराट दशहरा महोत्सव 10 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनडभरा ( बिर्रा) में विराट दशहरा महोत्सव रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रखा गया है। दर्शकों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भुजबल यादव आर्केस्ट्रा लोककला मंच पुरैना खरसिया की शानदार प्रस्तुति होगी। ग्राम पंचायत बनडभरा के सरपंच मनोज भारद्वाज एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### चाणक्य सभागार में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर 12 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## निधन

### सरदार सुरजीत सिंह गांधी



**पामगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सरदार सुरजीत सिंह गांधी का 68 वर्ष की आयु में मंगलवार 7 अक्टूबर की सुबह आकस्मिक निधन हो गया । वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री के साथ चार भाइयों का परिवार रोता बिलखता छोड़ गए । मुखाग्नि उनके पुत्र तविन्दर पाल गांधी ने दी । उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए

---

### उप मुख्यमंत्री ने जिले में नवनिर्मित चार अटल परिसरों का किया लोकार्पण

# वाजपेयी राज्य के निर्माता, उनके सम्मान में सभी निकायों में अटल परिसर का हो रहा निर्माण : साव

- डिप्टी सीएम ने किया 316 .29 लाख रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण
- नवागढ़ में 249 लाख रुपए की लागत एसटीपी निर्माण कार्य का भूमिपूजन
- नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिए 9 .50 करोड़ रुपए की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने मंगलवार 7 अक्टूबर को जिले के चार नगरीय निकायों में 316.29 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अटल परिसर एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 249 लाख रुपए की लागत से एसटीपी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर पंचायत पामगढ में.19.95 लाख रुपए की लागत से, नगर पंचायत राहौद के बुंदेला चौक में 19.95 लाख रुपए की लागत से, नगर पंचायत खरौद में 19.93 लाख रुपए की लागत से एवं नगर पंचायत नवागढ़ के हाट बाजार परिसर वार्ड क्रमांक 12 में 19.95 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित अटल परिसर का विधिवत लोकार्पण किया।

इसके साथ ही नगर पंचायत राहौद के वार्ड क्रमांक 8 में सांस्कृतिक भवन लागत 11 लाख रुपए, देवांगन समाज धर्मशाला में अतिरिक्त कक्ष लागत 10 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 15 में सामुदायिक भवन लागत 15 लाख रुपए एवं वार्ड क्रमांक 10 में पकरिया पारा में स्कूल के पास सांस्कृतिक भवन लागत 10.42 लाख रुपए, नगर पंचायत खरौद में सी.सी. रोड निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 06 व 13 के पांच विभिन्न मार्गों पर 22.45 लाख रुपए की लागत से पूर्ण, वार्ड क्रमांक 13 में पुलिया से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 27.41 लाख रुपए, शबरी देवी शिक्षा समिति भवन निर्माण कार्य 9.99 लाख रुपए एवं वार्ड क्रमांक 07 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 9.83 लाख रुपए, गांधी चौक, मुक्तिधाम, लक्ष्मणेश्वर मंदिर, शीतला मंदिर एवं कंपाटनी मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक कार्य 95.84 लाख रुपए एवं नवागढ़ नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में सांस्कृतिक भवन निर्माण लागत 24.57 लाख रुपए के कार्य का भी लोकार्पण किया एवं 249 लाख रुपए की लागत से एसटीपी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता हैं। उनके सम्मान में राज्य के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने गांव, किसान और आम जनता के लिए ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की। जिनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव गांव तक पहुंच और विकास संभव हो पाया और किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जिससे ग्रामीण विकास और किसानों को शून्य ब्याज पर ऋण संभव हुआ। उन्होंने ही छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की नींव रखी। आज छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहा जाता है, तो उसका श्रेय अटल जी की दूरदृष्टि को जाता है। उन्होंने कहा कि अटल परिसर, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्र सेवा, विकास के प्रति दृष्टिकोण और आदर्श मूल्यों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदिनी राजवाड़े, नगर पंचायत पामगढ़ अध्यक्ष श्रीमती गौरी जांगड़े, नगर पंचायत रहौद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप, नगर पंचायत खरौद अध्यक्ष गोविंद यादव, नगर पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुलतानिया, प्रशांत ठाकुर, इजी. रवि पांडेय सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।



अटल परिसर का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं अन्य अतिथिगण।

---



# अब ग्रामीण खुद देख सकेंगे अपने गांव का विकास कार्य

- अब हर पंचायत का हिसाब हर हाथ में मनरेगा में क्यूआर कोड से बढ़ेगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पारदर्शिता और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में एक नई डिजिटल पहल की शुरुआत की गई है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 अक्टूबर को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी दी गई।

इस पहल के तहत अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से पंचायत भवन या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। इनमें पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्यों की सूची, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्ड धारकों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस जैसी जानकारी शामिल है। यह नवाचार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। जिले की सभी पंचायतों में पंचायत भवन सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा कर दिए गए हैं। ग्रामीणों को भविष्य के विकास कार्यों की दिशा, परिसंपत्तियों के निर्माण में उनकी सहभागिता, पौधारोपण, जल संरक्षण, कृषि आधारित परिसंपत्तियों और जॉब कार्ड से जुड़ी जानकारी भी दी गई। गत दिवस कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा हेडसपुर में निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भवन में पहुंच कर मनरेगा के क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर सभी जानकारी को मौके पर ही देखा गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा गोकुल रावटे ने बताया कि सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे रोजगार दिवस एवं ग्राम सभा के अवसर पर क्यूआर कोड प्रणाली की व्यापक जानकारी ग्रामीणों तक पहुँच जाएँ और जन जागरूकता अभियान चलाएँ। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीणों को योजनाओं की निगरानी में सक्रिय भागीदारी का अवसर देती है। अब कोई भी ग्रामीण जान सकेगा कि उसके गांव में विकास कार्यों पर कितना और कहां खर्च हुआ है।

---

## पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद ने किया भगवान शिवरीनारायण का दर्शन



**शिवरीनारायण।** अभिभाजित मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा एवं पूर्व सांसद मेक्लाउड ने शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान नर नारायण का दर्शन पूजन किया। उनके साथ विधायक जनक राम ध्रुव उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शर्मा का दोपहर 1:00 बजे अपने सहयोगियों सहित शिवरीनारायण आगमन हुआ। उन्होंने मठ मंदिर पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन किया महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर महाराज ने उन्हें रोहिणी कुंड एवं मठ मंदिर में विराजित भगवान जगन्नाथ जी का भी दर्शन पूजन कराया। साथ ही उन्हें लंका दहन हनुमान का भी दर्शन कराया। श्री शर्मा ने कहा कि- शिवरीनारायण एक अति प्राचीन धार्मिक स्थल है, यहां भगवान के दर्शन से पुण्य लाभ तो अर्जित होता ही है, विशेष आत्मिक शांति की भी अनुभूति भी होती है। इस अवसर पर रवि शेखर भारद्वाज, निरंजन लाल अग्रवाल, नारायण खंडेलिया, बृजेश केसरवानी रामचरण कर्ष, देबू सेठ, शिव शंकर सोनी, सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, पुरेन्द्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## दुखों से मुक्ति के लिए परमात्मा से प्रत्यक्ष संबंध जोड़ना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- ब्रह्माकुमारीज़ भवन में चल रहे शिविर के 13वें दिन ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने श्रीमद् भगवद् गीता की गहन व्याख्या और आध्यात्मिक सिद्धांतों पर दिया उद्बोधन

कोटमी सोनार के स्टेशन मोहल्ला मार्ग पर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ भवन में चल रहे शिविर के 13वें दिन, ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा के द्वारा श्रीमद् भगवद् गीता की गहन व्याख्या और आध्यात्मिक सिद्धांतों पर एक विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हम सभी आत्माएं सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता, ज्ञान और शक्ति जैसे सात गुणों का स्वरूप हैं। परमात्मा को ज्योति स्वरूप, स्वयंभू महेश्वर शिव ज्योति बताया गया, उन्हें प्यार से 'बाबा' (पिता) कहा जाता है। परमात्मा शांति, आनंद, प्रेम और शक्तियों के सागर हैं, और उनसे जुड़ने पर आत्मा भी शक्तियों से भरपूर हो जाती है। राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री कृष्ण के समान देवत्व के गुणों को धारण करने का लक्ष्य हमें मिलता है जिसमें क्रोध, चिड़चिड़ापन, उदासी और मोह जैसी कमियों पर विजय प्राप्त की जा सकती है। आठवें अध्याय 'अक्षर ब्रह्म योग' में समझाया गया कि मृत्यु के समय परमात्मा की याद में देह त्यागने वाली आत्मा सद्गति को प्राप्त करती है, जो आत्माएं अनन्य भाव से परमात्मा में लीन रहती हैं, वे उन्हें अत्यंत प्रिय हैं। उन्होंने समता, दयालुता, अहंकार मुक्ति और भयहीनता जैसे दिव्य गुणों पर जोर दिया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनाती ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा।

## कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में जयंती बैस को मिला प्रथम स्थान

**चांपा।** हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा के कक्षा आठवीं की छात्रा जयंती बैस ने 5 अक्टूबर को रायपुर में होने वाले कत्थक नृत्य प्रतियोगिता के अंतर्गत एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजन और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके लिए उसे आयोजक समिति द्वारा स्मृति चिन्ह के रूप में ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शानदार प्रदर्शन पर समिति के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी, सचिव अरुण झांझड़िया, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, समिति के पदाधिकारीगण, प्राचार्य डॉ. एम.के. शर्मा, उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, मैनेजर जवाहरलाल यादव एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## आचार्य विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस पर भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- इंदौर के सुप्रसिद्ध भजन गायक रितिक जैन ने भजन संध्या में दी प्रस्तुति

जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर एवं आचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आर्यिका संघ के मंगल सानिध्य में जैन मंदिर के सामने भजन संध्या का आयोजन किया गया।


बिलासपुर संभाग के आयुक्त सुनील जैन, ऊषा जैन, जिला पंचायत सक्ती सीईओ वासु जैन, विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, लक्ष्मण मुकीम, विजय केडिया एवं मोहम्मद इमरान खान द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समयसागर महाराज के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिलासपुर संभाग की आयुक्त सुनील जैन ने कहा कि अहिंसा परमो धर्म को जैन धर्म में सर्वोपरि बताया गया है आज पूरे विश्व को अहिंसा परमो धर्म में चने की आवश्यकता है। वासु जैन ने कहा कि अकलतरा जैन समाज का संपूर्ण छत्तीसगढ़ में गौरवशाली इतिहास रहा है। आचार्य विद्यासागर महाराज ने खादी की वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए हथकरधा की स्थापना करवाने के साथ पशुओं की संरक्षण के लिए जगह-जगह गौशाला स्थापित करवाने का कार्य किया। कार्यक्रम को राघवेन्द्र कुमार सिंह, लक्ष्मण मुकीम ने भी संबोधित किया। इंदौर से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक रितिक जैन द्वारा आओ बाबा पधारो बाबा, विद्यासागर गुरुवर मेरी नैया पार लगा देना, विद्यासागर महाराज की आरती करो झूम झूम के एवं अन्य भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन समिधा जैन एवं प्रज्ञा जैन ने किया आभार प्रदर्शन जैन समाज के सचिव रूपेश जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रभात बगड़िया, बद्री तुलस्यान, नवल अग्रवाल, नारू शर्मा, गोपेश तुलस्यान, रोहित पांडेय, राजेश अग्रवाल, प्रतिपाल सिंह, महेश भोजासिया, चंदन शर्मा, अविनाश साहू, विजय जैन वीरेंद्र जैन, देवेंद्र जैन, अरविंद जैन, सुशील जैन, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष विमल जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, सहसचिव राजा जैन, राजू जैन, नितीन जैन, आशीष जैन, हर्ष जैन, हिमांशु जैन, विपुल जैन, राहुल जैन, हनी जैन, यश जैन, सजल जैन, प्रखर जैन, अमन जैन, आशु जैन, राज जैन,बिशु जैन, गीतेश जैन एवं बड़ी संख्या में समाज के उपस्थित रहे।



## शिव महापुराण कथा महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समीपस्थ ग्राम बनारी में आजाद चौक के पास तिवारी परिवार द्वारा श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक बुधवार 8 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा का शुभारंभ होगा। दूसरे दिन 9 अक्टूबर को शिवलिंग उत्तपति कथा, पार्थिव पूजन विधि, तीसरे दिन 10 अक्टूबर को नारद व सती चरित्र, चौथे दिन 11 अक्टूबर को शिव पार्वती विवाह, 12 अक्टूबर को गणेश-कार्तिकेय चरित्र, 13 अक्टूबर को जलांधर वृंदा और बाणसुर की कथा, 14 अक्टूबर को द्वाद्वस ज्योतिर्लिंग और 15 अक्टूबर को शिव जी के विभिन्न अवतारों की कथा होगी। गुरुवार 16 अक्टूबर को हवन पूर्णाहूति के साथ सहस्त्रधारा और समापन होगा। कथा के ब्यास आचार्य मनोज पांडेय (सिरसा वाले) है। आचार्यगण अंशुमन शास्त्री (सिवनी) और पंडित विवेक चौबे ( बनारी) है। मुख्य यजमान श्रीमती आशा तिवारी और कृष्णकांत तिवारी हैं। आयोजन को लेकर परिवार के साथ स्नेहीजन जुटे हुए है।






### महाकाली आश्रम में हवन-पूजन व भजन-संध्या के साथ मना शरद पूर्णिमा उत्सव

# शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणें अमृत के समान : सुरेन्द्र नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महाकाली आश्रम जांजगीर में हवन-पूजन व भजन-संध्या के साथ शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने मां महाकाली के दर्शन किया। चांदनी रात में खीर प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद मांगा।

महाकाली आश्रम परिसर में सोमवार को शरद पूर्णिमा पर्व बड़े ही हर्ष, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही आश्रम के वातावरण में भक्ति और उल्लास की छटा बिखरी रही। सुबह मां महाकाली की विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार से हवन संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। दोपहर में महाप्रसाद का वितरण किया गया। शाम के समय आयोजित भजन-संध्या और दीप प्रज्ज्वलन ने पूरे वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। भक्तों के जयकारों से पूरा आश्रम गूंज उठा। महाकाली आश्रम प्रमुख स्वामी सुरेन्द्र नाथ ने बताया कि शरद पूर्णिमा वर्ष की सबसे पवित्र व ऊर्जावान रात्रि मानी जाती है। इस दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत तत्व की वर्षा होती है। ऐसा विश्वास है कि इस रात ध्यान, जप और हवन करने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणें अमृत के समान होती हैं। यही कारण है कि इसे धार्मिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। शरद पूर्णिमा की रात खीर बनाना और उसे खुले आकाश में चंद्रमा की रोशनी में रखना प्राचीन परंपरा है। ऐसी मान्यता है कि इस प्रकार खीर में औषधीय गुण भर जाते हैं और इसे खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है। यह अध्यत्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि यह मां लक्ष्मी और मां महाकाली की आराधना का विशेष दिन है। आश्रम में हर पूर्णिमा को इसी प्रकार धार्मिक अनुष्ठान और भक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि समाज में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार हो सके। माता लक्ष्मी, मां काली और माता बगलामुखी की कृपा से हर कार्य सफल होते हैं, सुख समृद्धि का मार्ग खुलता है। इस प्रकार शरद पूर्णिमा की रात्रि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक महत्व की नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और परिवारिक खुशहाली के लिए भी विशेष है।



हवन पूजन करते स्वामी सुरेन्द्र नाथ।

